भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *39

उत्तर देने की तारीख 22.07.2026

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जनजातीय नागरिकों की जाँच

39 # श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जनजातीय आबादी में व्यापक रूप से पाई जाने वाली सिकल सेल एनीमिया बीमारी के उन्मूलन के लिए 'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन' के तहत अब तक जांच किए गए जनजातीय नागरिकों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त जांच के दौरान सिकल सेल रोग (एससीडी) से पीड़ित अथवा सिकल सेल लक्षण से ग्रसित व्यक्तियों का राज्य-वार और आयु-वार ब्यौरा क्या है तथा उन्हें क्या विशेष चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है; और

(ग) सरकार द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में नवविवाहित जोड़ों और गर्भवती महिलाओं को आनुवंशिक परामर्श प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य मंत्री

(श्री जुएल ओराम)

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

'राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जनजातीय नागरिकों की जाँच' के संबंध में दिनांक 22.07.2026 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *39 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमएच एंड एफडब्ल्यू) से प्राप्त सूचना के अनुसार, **राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीएईएम)** के तहत, **0-40 वर्ष** के लक्षित आयु वर्ग में **सिकल सेल रोग (एससीडी)** के निदान के लिए प्रभावित **17 जनजातीय राज्यों** में **जिला अस्पतालों (डीएच)** से लेकर **आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम)** स्तर तक के सभी स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में जांच की जाती है।

एससीडी पोर्टल पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार**, 16.07.2026** तक**,** देश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में **7.24 करोड़** से अधिक जांच की गई है और कुल **247,961** व्यक्तियों को **रोगग्रस्त** और **2,035,181** को एससीडी के **वाहक** के रूप चिह्नित किया गया है।

प्रभावित राज्यों में जांच के माध्यम से चिह्नित किए गए सिकल सेल एनीमिया के रोगियों और वाहकों का **आयु-वार विवरण** क्रमशः **अनुलग्नक-1** और **अनुलग्नक-2** पर दिया गया है।

दवाओं तक पहुंच के मुद्दे को हल करने के लिए उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी)/शहरी पीएचसी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और डीएच में एनएचएम आवश्यक दवाओं की सूची में हाइड्रॉक्सीयूरिया को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एनएचएम के तहत पीआईपी के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, सिकल सेल एनीमिया की जांच और दवाओं की खरीद के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(ग): नव-विवाहित जोड़े और गर्भवती महिलाओं सहित एस.सी.डी. के ग्रस्त रोगियों को, उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए निम्नलिखित सेवाएं/सुविधाएं प्रदान की जाती हैं:

- निश्चित अंतराल पर रोगग्रस्त व्यक्तियों का अनुवर्तन (फॉलो-अप)।
- जीवनशैली प्रबंधन, विवाह पूर्व और प्रसव पूर्व निर्णयों के संबंध में परामर्श।
- फोलिक एसिड टैबलेट के वितरण के माध्यम से पोषण पूरक सहायता।
- योग और आरोग्य सत्रों का आयोजन।
- संकटग्रस्त लक्षणों का प्रबंधन और उच्च सुविधा केन्द्रों के लिए रेफर करना।

अनुलग्नक-I

दिनांक 22.07.2026 को राज्य सभा के तारांकित प्रश्न संख्या 39 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

16.07.2026 तक सिकल सेल बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों का राज्य-वार और आयु-वार विवरण।

क्र. सं.	राज्य का नाम	उम्र 0 - 2 साल	उम्र 2 - 10 साल	उम्र 10 - 18 साल	उम्र 18 - 25 साल	उम्र 25 - 40 साल	उम्र 40+ साल	उम्र लागू नहीं
1	उत्तराखंड	0	0	4	0	2	0	0
2	राजस्थान	21	682	1,181	388	507	110	37
3	उत्तर प्रदेश	1	14	11	3	6	1	0
4	बिहार	0	1	1	0	8	0	0
5	असम	0	24	44	106	136	33	2
6	पश्चिम बंगाल	14	107	166	281	276	52	1
7	झारखंड	44	472	524	654	621	99	12
8	ओडिशा	1,615	23,383	28,061	22,065	26,434	4,320	477
9	छत्तीसगढ	254	6,812	9,308	4,914	5,912	969	139
10	मध्य प्रदेश	590	8,804	12,182	8,815	8,688	1,098	259
11	गुजरात	64	2,421	7,186	7,004	9,327	4,476	47
12	महाराष्ट्र	263	6,211	7,527	6,828	7,890	1,134	38
13	आंध्र प्रदेश	11	541	743	343	512	135	4
14	कर्नाटक	2	109	237	50	134	48	2
15	केरल	19	281	311	267	379	241	7
16	तमिलनाडु	4	131	242	138	258	29	2
17	तेलंगाना	4	137	190	75	187	25	1

अनुलग्नक-II

दिनांक 22.07.2026 को राज्य सभा के तारांकित प्रश्न संख्या 39 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक- II

दिनांक 16.07.2026 तक सिकल सेल वाहक वाले लोगों की राज्य-वार उम्र-वार सूचना

क्र. सं.	राज्य का नाम	उम्र 0 - 2 साल	उम्र 2 - 10 साल	उम्र 10 - 18 साल	उम्र 10 - 18 साल	उम्र 25 - 40 साल	उम्र 40+ साल	उम्र लागू नहीं
1	उत्तराखंड	1	4	47	2	15	0	0
2	राजस्थान	36	1,602	3,080	1,219	1,598	725	189
3	उत्तर प्रदेश	0	13	19	10	29	14	0
4	बिहार	0	0	0	1	0	0	0
5	असम	7	105	194	516	714	89	3
6	पश्चिम बंगाल	64	274	649	1,325	1,220	271	7
7	झारखंड	63	823	1,294	1,066	1,643	140	59
8	ओडिशा	7,351	126,571	177,247	95,950	162,894	27,788	2,817
9	छत्तीसगढ़	1,299	73,359	149,189	43,032	65,444	14,374	1,577
10	मध्य प्रदेश	2,448	40,504	63,967	46,206	69,937	19,266	1,739
11	गुजरात	1,846	30,793	95,982	104,595	184,842	129,946	724
12	महाराष्ट्र	1,138	26,474	51,224	55,832	78,564	11,580	349
13	आंध्र प्रदेश	161	4,755	6,306	2,307	6,160	1,957	149
14	कर्नाटक	33	866	1,478	539	1,259	328	16
15	केरल	81	1,099	1,115	811	1,350	994	24
16	तमिलनाडु	80	876	2,912	2,329	3,378	88	35
17	तेलंगाना	38	1,222	1,953	1,162	2,236	1,098	8

*****